लखनऊ कार्यालय में एनएचपीसी एवं बीएसयूएल द्वारा संयुक्त रूप से 76वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

लखनऊ कार्यालय में एनएचपीसी एवं बीएसयूएल द्वारा संयुक्त रूप से देशभक्ति के जोश और उत्साहपूर्ण माहौल में देश का 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया | इस अवसर पर महाप्रबन्धक, सम्पर्क कार्यालय लखनऊ, एनएचपीसी एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), बीएसयूएल श्री मनीष सहाय के द्वारा अधिकारियों, कार्मिकों, संविदा कर्मियों तथा सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया व राष्ट्रगान गाया गया |

महाप्रबन्धक महोदय द्वारा ध्वजारोहण

<u>**महाप्रबन्धक महोदय के साथ अधिकारियों, कार्मिकों, संविदा व सुरक्षा कर्मियों द्वारा राष्ट्रगान**</u>

इस अवसर पर महाप्रबन्धक महोदय ने उपस्थित समूह को 76वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए अपने सम्बोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व के साथ स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करते हुए देश के स्वाधीन होने से जीवन में आने वाले बदलावों पर प्रकाश डाला | साथ ही उल्लेख किया कि आजादी के पश्चात इस तीसरी पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों एवं वीर गाथाओं की जानकारी होनी चाहिए तथा उसपर युवा वर्ग को गर्व महसूस करना चाहिए |

<u>**महाप्रबन्धक महोदय द्वारा सम्बोधन**</u>

अपने सम्बोधन में सीईओ, बीएसयूएल ने 65 मे.वा. कालपी सौर परियोजना के आंशिक कमीशनिंग के लिए बीएसयूएल तथा सम्पर्क कार्यालय के अधिकारियों को बधाई दी और बताया कि कालपी सौर परियोजना की पूर्ण कमीशनिंग जल्द हो जाएगी | 65 मे.वा. कालपी सौर परियोजना के आंशिक कमीशनिंग के लिए सीईओ, बीएसयूएल ने बीएसयूएल के साथ सम्पर्क कार्यालय लखनऊ के अधिकारियों एवं कार्मिकों को भी बधाई दी और

एनएचपीसी व बीएसयएल के अधिकारियों द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों की सराहना भी की | उन्होंने बताया कि बीएसयूएल को अनुमोदित 1200 मे.वा. जालौन सोलर पार्क में सरकार से ग्राम समाज की भूमि एवं कास्तकारों से निजी भूमि लीज पर लेने का कार्य चल रहा है | इसके अतिरिक्त 45 मे.वा. माधोगढ़ सौर परियोजना तथा 100 मे.वा. मिर्ज़ापुर सौर परियोजना के लिए भूमि आवंटन हो जाने के उपरान्त दुबारा ईपीसी टेंडर करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी |

<u>महाप्रबन्धक महोदय के साथ सम्पर्क कार्यालय लखनऊ एवं बीएसयूएल के अधिकारियों, कार्मिकों, संविदा कर्मियों तथा सुरक्षा कर्मियों की ग्रुप फोटो</u>

सीईओ महोदय ने बीएसयूएल के कार्यों में हुई प्रगति के पीछे सभी कार्मिकों की कर्मठता व टीम भावना के साथ साथ एनएचपीसी प्रबन्धन तथा बीएसयूएल निदेशकों से मिल रहे सहयोग, मार्गदर्शन व दिशानिर्देशों की भूरी भूरी सराहना की | सीईओ महोदय ने सभी से पूर्व की भांति आगे भी इसी प्रकार एनएचपीसी एवं बीएसयूएल की प्रगति के लिए कार्यरत रहने को कहा |

<u>महाप्रबन्धक महोदय द्वारा पुरस्कार वितरण</u>

76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाप्रबन्धक महोदय ने शिक्षा तथा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं संविदा कर्मियों के बच्चों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया | संविदा कर्मी श्री कमल कुमार के पुत्र बदल कुमार और भतीजे वीर कुमार को अंडर 19 ओपन नेशनल शिमला 2022 में टेबल टेनिस सिंगल्स में क्रमशः कांस्य एवं स्वर्ण प्राप्त किया | श्री आयुष प्रजापति ने 12वीं कक्षा की परीक्षा में 94.75% प्राप्त किया | सुश्री वर्तिका श्रीवास्तव ने 12वीं कक्षा की परीक्षा में 90.40% प्राप्त किया |

महाप्रबन्धक महोदय द्वारा पुरस्कार वितरण

सम्पर्क कार्यालय लखनऊ परिसर का रात्रि दृश्य